# टिकट अलबम

Question 1.
सरपंच के लड़के ने राजप्पा के अलबम को कितने में खरीदना चाहा?
(a) दस रुपये में
(b) पच्चीस रुपये में
(c) पचास रुपये में
(d) सौ रुपये में

▼ Answer

Answer: (b) पच्चीस रुपये में

---

Question 2.
राजप्पा कामाक्षी की किस बात पर कुढ़ गया?
(a) कि तुम्हारा अलबम पुराना है।
(b) तुम्हारा अलबम कीमती नहीं है
(c) भैया का अलबम सुंदर है
(d) भैया तुम्हें अलबम नहीं दिखाएँगे

▼ Answer

Answer: (c) भैया का अलबम सुंदर है

---

Question 3.
राजप्पा ने नागराजन का अलबम कहाँ से उठाया?
(a) मेज के ऊपर से
(b) अलमारी से
(c) कार्निस से
(d) मेज की दराज से

▼ Answer

Answer: (d) मेज की दराज से

---

Question 4.
राजप्पा ने नागराजन के अलबम को कहाँ लाकर छिपाया?
(a) पुस्तकों की अलमारी में किताब के पीछे
(b) घर के कपड़ों में
(c) वाशिंग मशीन में
(d) अँगीठी में

▼ Answer

Answer: (a) पुस्तकों की अलमारी में किताब के पीछे

---

Question 5.
नागराजन के अलबम के खोने की खबर राजप्पा के पास कौन लेकर आया?
(a) कृष्णन
(b) नागराजन
(c) अपू
(d) कामाक्षी

▼ Answer

Answer: (c) अपू

---

Question 6.
"टिकट-अलबम' पाठ के लेखक कौन हैं?
(a) सुंदरा रामस्वामी
(b) भगवतशरण उपाध्याय
(c) जया विवेक
(d) अनु बंधोपाध्याय

▼ Answer

Answer: (a) सुंदरा रामस्वामी

---

Question 7.
नागराजन को किसने अलबम भिजवाया?
(a) उसके चाचा ने
(b) उसके मामा ने
(c) उसके ताऊ ने
(d) उसके मित्र ने

▼ Answer

Answer: (b) उसके मामा ने

---

Question 8.
नागराजन का अलबम किसने चुराया?
(a) पार्वती ने
(b) उसके मित्र ने
(c) राजप्पा ने
(d) किसी अनजान व्यक्ति ने

▼ Answer

Answer: (c) राजप्पा ने

---

Question 9.
लेखक ने राजप्पा के टिकट इकट्ठे करने की तुलना किससे की है?
(a) चींटी से
(b) चिड़िया से

(c) बंदर से
(d) मधुमक्खी से

▼ Answer

Answer: (d) मधुमक्खी से

---

Question 10.
राजप्पा ने नागराजन का अलबम कैसे नष्ट किया?
(a) फाड़कर
(b) नदी में बहाकर
(c) अंगीठी में जलाकर
(d) उस पर स्याही बिखराकर

▼ Answer

Answer: (c) अंगीठी में जलाकर

---

गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

अब राजप्पा को कोई नहीं पूछता। आजकल सब-के-सब नागराजन को घेरे रहते। 'नागराजन घमंडी हो गया है', राजप्पा सारे लड़कों में कहता फिरता। पर लड़के भला कहाँ उसकी बातों पर ध्यान देते! नागराजन के मामा जी ने सिंगापुर से एक अलबम भिजवाया था। वह लड़कों को दिखाया करता। सुबह पहली घंटी के बजने तक सभी लड़के नागराजन को घेरकर अलबम देखा करते। आधी छुट्टी के वक्त भी उसके आसपास लड़कों का जमघट लगा रहता। कई लोग टोलियों में उसके घर तक हो आए। नागराजन शांतिपूर्वक सभी को अपना अलबम दिखाता, पर किसी को हाथ नहीं लगाने देता। अलबम को गोद में रख लेता और एक-एक पन्ना पलटता, लड़के बस देखकर खुश होते।

Question 1.
नागराजन को लड़के क्यों घेरे रहते थे?
(a) वह अच्छे-अच्छे चुटकुले सुनाता था
(b) उसके पास चॉकलेट थी
(c) उसके पास सुंदर खिलौना था
(d) उसके पास एक टिकट-अलबम था

▼ Answer

Answer: (d) उसके पास एक टिकट-अलबम था।

---

Question 2.
नागराजन के मामा कहाँ रहते थे?
(a) सिंगापुर
(b) त्रिवेन्द्रम
(c) तिरुचिरापल्ली
(d) चैन्नई

▼ Answer

Answer: (a) सिंगापुर।

---

Question 3.
नागराजन किसी को अपने अलबम को छूने क्यों नहीं देता था?
(a) ताकि वह फट न जाए
(b) ताकि टिकट मैले न हो जाएँ
(c) ताकि टिकट चोरी न हो जाएँ
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं
उपर्युक्त सभी।

---

Question 4.
लड़के क्या करके खुश होते थे?
(a) अलबम को छूकर
(b) अलबम को देखकर
(c) अलबम को अपने घर ले जाकर
(d) नागराजन को देखकर

▼ Answer

Answer: (b) अलबम को देखकर।

---

Question 5.
'नागराजन घमंडी हो गया है' इस वाक्य में 'घमंडी' विशेषण का कौन-सा भेद है?'
(a) गुणवाचक
(b) परिमाणवाचक
(c) संख्यावाचक
(d) सार्वनामिक

▼ Answer

Answer: (a) गुणवाचक।

---

(2)

अब राजप्पा के अलबम को कोई पूछने वाला नहीं था। वाकई उसकी शान अब घट गई थी। राजप्पा के अलबम की, लड़कों में काफ़ी तारीफ़ रही थी। मधुमक्खी की तरह उसने एक-एक करके टिकट जमा किए थे। उसे तो बस एक यही धुन सवार थी। सुबह आठ बजे वह घर से निकल पड़ता। टिकट जमा करने वाले सारे लड़कों के चक्कर लगाता। दो ऑस्ट्रेलिया के टिकटों के बदले एक फिनलैंड का टिकट लेता। दो पाकिस्तान के बदले एक रूस का। बस शाम, जैसे ही घर लौटता, बस्ता कोने में पटककर अम्मा से चबेना लेकर निकर की जेब में भर लेता और खड़े-खड़े कॉफ़ी पीकर निकल जाता। चार मील दूर अपने दोस्त के घर से कनाडा का टिकट लेने पगडंडियों में होकर भागता। स्कूल भर में उसका अलबम सबसे बड़ा था। सरपंच के लडके ने उसके अलबम को पच्चीस रुपये में खरीदना चाहा था, पर राजप्पा नहीं माना। 'घमंडी कहीं का', राजप्पा बड़बड़ाया था। फिर उसने तीखा जवाब दिया था, "तुम्हारे घर में जो प्यारी बच्ची है न, उसे दे दो न तीस रुपये में।" सारे लड़के ठहाका मारकर हँस पड़े थे।

Question 1.
राजप्पा के अलबम की शान क्यों घट गई थी?
(a) क्योंकि वह घमंडी हो गया था
(b) क्योंकि उसका अलबम पुराना हो गया था
(c) क्योंकि उसका अलबम गंदा हो गया था
(d) क्योंकि नागराजन का अलबम उससे अच्छा था

▼ Answer

Answer: (d) क्योंकि नागराजन का अलबम उससे अच्छा था
नागराजन का अलबम राजप्पा से अच्छा था।

---

Question 2.
राजप्पा ने टिकट किस प्रकार जमा किए थे?
(a) दूसरों से माँगकर
(b) जैसे मधुमक्खी शहद जमा करती है
(c) जैसे पक्षी घोंसला बनाते हैं
(d) जैसे चींटी भोजन इकट्ठा करती है

▼ Answer

Answer: (b) जैसे मधुमक्खी शहद जमा करती है
जैसी मधुमक्खी घूम-घूमकर शहद जमा करती है।

---

Question 3.
सरपंच का लड़का राजप्पा के अलबम को कितने में खरीदना चाहता था?
(a) पच्चीस रुपये में
(b) पचास रुपये में
(c) पचहत्तर रुपये में
(d) सौ रुपये में

▼ Answer

Answer: (a) पच्चीस रुपये में।

---

Question 4.
सभी लड़के ठहाका मारकर क्यों हँसे थे?
(a) सरपंच के लड़के का चुटकुला सुनकर
(b) राजप्पा के इस कथन पर कि "तुम्हारे घर में जो प्यारी बच्ची है न, उसे दे दो तीस रुपये में"
(c) सरपंच के बेटे की नासमझी पर
(d) राजप्पा की नासमझी पर

▼ Answer

Answer: (b) राजप्पा के इस कथन पर कि "तुम्हारे घर में जो प्यारी बच्ची है न, उसे दे दो तीस रुपये में"
तुम्हारे घर में जो प्यारी बच्ची है, उसे दे दो तीस रुपये में।

---

Question 5.
'पच्चीस रुपये' यहाँ पच्चीस विशेष्य का कौन-सा भेद है?
(a) गुणवाचक
(b) परिमाणवाचक
(c) संख्यावाचक
(d) सार्वनामिक

▼ Answer

Answer: (c) संख्यावाचक
संख्या वाचक विशेषण।

---

(3)

पर राजप्पा ने नागराजन के अलबम को देखने की इच्छा कभी नहीं प्रकट की। लेकिन जब दूसरे लड़के उसे देख रहे होते तो वह नीची आँखों से देख लेता। सचमुच नागराजन का अलबम बेहद प्यारा था। पर राजप्पा के पास जितने टिकट थे, उतने नागराजन के अलबम में नहीं थे। पर खुद उसका अलबम ही कितना प्यारा था! उसे छू लेना ही कोई बड़ी बात थी। इस तरह का अलबम यहाँ थोड़ी मिलेगा। अलबम के पहले पृष्ठ पर मोती जैसे अक्षरों में उसके मामा ने लिख भेजा था
– ए. एम. नागराजन
'इस अलबम को चुराने वाला बेशर्म है। ऊपर लिखे नाम को कभी देखा है? यह अलबम मेरा है। जब तक घास हरी है और कमल लाल, सूरज जब तक पूर्व से उगे और पश्चिम में छिपे, उस अनंत काल तक के लिए यह अलबम मेरा ही, रहेगा।'

Question 1.
राजप्पा ने नागराजन के अलबम को देखने की इच्छा क्यों प्रकट नहीं की?
(a) नागराजन के अलबम के प्रति उसके मन में ईर्ष्या थी
(b) वह नागराजन को पसंद नहीं करता था
(c) नागराजन एक घमंडी लड़का था
(d) नागराजन ने राजप्पा को अलबम दिखाने से मना कर दिया था

▼ Answer

Answer: (a) नागराजन के अलबम के प्रति उसके मन में ईर्ष्या थी
नागराजन के अलबम के प्रति राजप्पा के मन में ईर्ष्या थी।

---

Question 2.
नागराजन का अलबम कैसा था?
(a) बहुत बेकार
(b) बहुत अच्छा
(c) अधिक टिकटों वाला
(d) पुराना

▼ Answer

Answer: (b) बहुत अच्छा

---

Question 3.
नागराजन के अलबम पर नागराजन का नाम किसने लिखा था?

(a) राजप्पा ने
(b) नागराजन ने
(c) राजन के मामा ने
(d) इसमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (c) राजन के मामा ने
नागराजन के मामा ने।

---

Question 4.
अलबम चुराने वाले के लिए नागराजन ने क्या लिखा था?
(a) अलबम चुराने वाला मूर्ख है
(b) अलबम चुराने वाला नासमझ है
(c) अलबम चुराने वाला गुनहगार है
(d) अलबम चुराने वाला बेशर्म है

▼ Answer

Answer: (d) अलबम चुराने वाला बेशर्म है।

---

Question 5.
'अनंत' शब्द में उपसर्ग बताइए।
(a) अ
(b) अन
(c) अन्
(d) अंत

▼ Answer

Answer: (c) अन्।

---